कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, द्वितीय तल, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

संख्या-एम0ई0-3/2026/2030 लखनऊः दिनांक-17/11/,2026

यू0पी0 नीट एम0डी0एस0 2026 के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र की आनलाइन काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थियों द्वारा त्याग पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।

यू0पी0 नीट एम0डी0एस0 2026 हेतु नीति निर्धारण विषयक शासनादेश सं0-I/1405837/2026, दिनांक- 23.07.2026 एवं ब्रोशर में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत राजकीय एवं निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों में एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र की काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आवंटित सीट पर प्रवेश प्राप्त कर लिया है, तत्पश्चात् वह प्रवेशित सीट से त्यागपत्र देना चाहते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक-18.11.2026 की अपराह्न 5.00 बजे तक प्रवेशित सीट से संबंधित नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर त्यागपत्र दे सकते हैं।

यू0पी0 नीट एम0डी0एस0 2026 की आनलाइन काउंसिलिंग संबंधी समस्त अद्यतन सूचनाओं के लिए वेबसाइट **https:upneet.gov.in** एवं **www.dgme.up.gov.in** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

कृते महानिदेशक